
खबर संक्षेप

## राज्य स्तरीय संगोष्ठी प्रतियोगिता में मंडला की प्राची ठाकुर को मिला तृतीय स्थान



**मण्डला।** एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर कक्षा सातवी की छात्रा प्राची ठाकुर इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी अन्न बाजरा संगोष्ठी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर मंडला जिले का नाम रौशन किया। इसी प्रकार शैलेष मेहरा ने गणित मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में सम्मिलित हो कर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती लीलावती धुर्वे, डी.पी.सी. श्री अरविंद विश्वकर्मा, ए.पी. सी. अकादमिक श्री शेषमणि गौतम, बी.आर.सी. श्री अनादि वर्मा बी.ए.सी., जनशिक्षक एवं शिक्षक परिवार ने हर्ष व्यक्त किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और मार्गदर्शक शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## नारायणगंज में बढ़ रहे हैं पीलिया के मरीज



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के ग्राम पंचायत पड़रिया में पीलिया के मरीज दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं अभी तक एक दर्जन से अधिक पीलिया के मरीज का नाम सामने आया है स्वास्थ्य विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रही है परिजनों से जानकारी मिलती है की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं जिससे लोगों को आराम मिल सके लोगों ने कहा है कि बच्चों में पीलिया की शिकायत दिनोदिन बढ़ती जा रही है और स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में पीलिया के इलाज के लिए ग्लूकोज की बोतल का न होने के कारण लोगों को बाजार से दवाइयां खरीदने पर मजबूर हैं इस तरह लोग अपने बच्चों के इलाज के लिए दवाई के अभाव के कारण परेशानी का का सामना करना पड़ रहा है पीलिया की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में बुरा असर पड़ रहा है लोगों का कहना है शीघ्र ही पीलिया से बच्चों को छुटकारा दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को उचित कार्रवाई करना चाहिए

### दुर्दशा का शिकार हुआ शव वाहन, बड़ा हादसा होते होते टला

# निरंकुश हुई सीवर लाइन ठेका कम्पनी

*** इनकी मनमानी से नगरवासी हो रहे लगातार परेशान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



सीवर लाईन ठेका कम्पनी के द्वारा एक ही वार्ड में अनेक बार कार्य किए जाने से लोगों में आक्रोश है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर के हर वार्ड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग दो साल से काम चल रहा है यहां पर हर दिन सडक़ों को खोदा जाता है कभी चेम्बर बनाए जाते है तो कभी बनें बनाए चेम्बरों को तोड़ा जाता है। तो कभी-कभी फिर नई लाइन डालने के नाम पर सडक़ों की खुदाई कर दी जाती हैं। जबावदार अधिकारी और ठेकेदार मौंका स्थल से नदारत रहते हैं। कर्मचारियों के भरोसे काम चलता रहता है काम की गुणवत्ता पर सवाल हैं वहीं सीवर लाइन का काम कब पूर्ण होगा। प्रताड़ना की हद पार कर चुकें सीवर लाइन के काम से लोगों में भारी आक्रोश है जिसकी वानिगी रविवार की सुबह 12 बजे छोटी खैरी मार्ग में दिखाई दी। यहां से शव वाहन में शव यात्रा मुक्तिधाम जा रही थी। जो छोटी खैरी पानी टंकी के पास सीवर लाइन के द्वारा खोदे गए गढ्ढे और मलवें में जा फंसी और बड़ा हादसा होते-होते बचा मुख्य मार्ग में लगें बिजली खंबे से शव वाहन टकरा गया। दुखी परिवार और शव यात्रा में शामिल लोगों का आक्रोश देखते ही बन रहा था। जिसकी भनक लगते ही यहां पदस्थ कर्मचारी यहां से गायब हो गए जैसे तैसे शव वाहन को निकाला गया। छोटी खैरी का पूरा मार्ग बुरी तरह सीवर लाईन ठेका कम्पनी के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। यहां का आधा मार्ग नगर पालिका क्षेत्र का है तो आधा मार्ग लोक निर्माण विभाग का बताया गया है। इस मार्ग में बड़े-बड़े गढ्ढे दिखाई देने लगे हैं इस तरह की स्थिति पूरे नगर में दिखाई देती है। वहीं सूत्रों का कहना है यह पूरा ठेका काम बड़े राजनैतिक दबाव में किया जा रहा है। शहर के अनेक वार्डो में कई सालों से सीवर लाइन लीकेज की समस्या बनी हुई है। इससे पानी सडक़ पर भर रहा है। इससे रास्ता जर्जर हो रहा है। वहीं लोगों को भी आवागमन में परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। अब तक समस्या का समाधान न होने से लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों के खिलाफ रोष जाहिर किया। प्रशासन से समस्या का समाधान करवाने मांग की। इसकी मुख्य वजह है इन घरों के चेंबर सीवर के पाइप से जोड़े बिना ही सडक़ों का निर्माण शुरू हो गया है। जहां-जहां सडकें बना दी गईं हैं वहां अब सीवेज लाइन से चेंबर कनेक्ट नहीं होंगे। गंभीर बात यह है कि अभी जिन सडकों को लाखों की लागत से बनाया जा रहा है उन्हें सीवर प्रोजेक्ट को पूरा करने फिर से खोदा जाएगा। मतलब सरकारी धन की दोहरी बर्बादी। अफसर इसे भले ही जनता की समस्या के निराकरण के रूप में दर्शा रहे हैं। वही कुछ क्षेत्रों में पाइपलाइन जर्जर होने की वजह से लीकेज कर रही है। इसके कारण लाइन का पानी मुख्य सडक पर भर रहा है। जलभराव होने से सडक़ की रोडियां भी उखड़ चुकी हैं। सडक़ में गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पिछले कई माह में समस्या के समाधान के लिए वह जिला प्रशासन को कई बार शिकायत दे चुके हैं। हर बार उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन दे दिया जाता है जबकि इसके लिए विभाग की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। सीवर लाइन का काम तेजी के साथ पूरा करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंडला नगर के नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है सीवर लाइन शहर के नागरिकों के लिए सर दर्द बन गया है पूरे शहर की सडकों को तहस-नहस कर दिया गया है खराब सडकों की वजह से नागरिक हलकान हो रहे हैं। सीवर लाइन ने शहर की सूरत बिगाड़ दी है सीवर लाइन के काम में आखिरकार लापरवाही क्यों की जा रही है यह जांच का विषय हो जाने के बावजूद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बता दे कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सीवर लाइन निर्माण के दौरान जरुरत के हिसाब से छोटे बड़े गड्ढे खोदे गए हैं। पाइप लाइन बिछाने के बाद कुछ स्थानों पर उन्हें बंद करके रिपेयर भी किया गया है, लेकिन कुछ स्थानों में जिम्मेदार मरम्मत कार्य करना भूल गए हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी सडक़ की स्थिति जस की तस है। बारिश में जहां गड्ढे हो गए थे अब सूखे मौसम में धूल से लोग परेशान है। राहगीरों के साथ व्यापारी के लिए भी धूल परेशानी का कारण बन रही है। मार्ग में डामरीकरण की मांग लोग कर रहे हैं।



## विदाई शब्द साथ मे गुजारे पलो का साक्षी-अहलूवालिया



*** एकलव्य आवासीय विद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

शिक्षा परिसर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिझौरा में कक्षा 12 वी के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ए.जे. सिंह प्राचार्य, पूनम सिंघल प्राचार्य, बंसोड़ जी प्राचार्य एकलव्य घुघरी, गुलाब मरकाम प्रभारी प्राचार्य नार्मल हायरसेकंडरी,वीरेंद्र अग्निहोत्री के साथ संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना से किया गया। कन्या शिक्षा परिसर के संगीत शिक्षक अंकित पड़वार ने सभी अतिथियों के समक्ष 12 वी के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई गीत की शानदार प्रस्तुति दी।कक्षा 11वी के छात्र-छात्राओ ने अतिथियों एवं 12 वी के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई गीत,भाषण,नृत्य एवं नाटक की मनमोहक प्रस्तुतिया दी।

मुख्य अतिथि ए.जे. सिंह ने कहा विदाई शब्द ही हम सभी को भावनात्मक रूप से एक दूसरे के साथ बिताए पलो का साक्षी होता है। शैक्षणिक संस्थाओं में विदाई की यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। पूनम सिंघल प्राचार्य एकलव्य ने कहा कि विदाई शब्द अपने आप मे भावुकता का परिचायक है। लगातार किसी के साथ रहने से हमारे एक भावनात्मक लगाव हो जाता है। आप सभी मन लगाकर से अध्ययन करे। ताकि सत्यापन किया आपके परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम आ सके। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा 11वी के छात्रों ने किया।

आत्मजीत सिंह,पूनम सिंघल प्राचार्य, गुलाब मरकाम प्रभारी प्राचार्य नार्मल हायरसेकंडरी सिझौरा,नीरज कुमार पाठक वरिष्ठ पी.जी.टी. एकलव्य, प्रमोद मरावी प्रभारी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर, आर.के. सोनवानी, मोनिका सैनी, गीतिका, मनीष शर्मा, छबि कुमार चौधरी, रमेश आयाम, रोशनी उइके, सतीश मर्सकोले, आंनद पटेल, पलक रजक, नंदकिशोर झारिया, अंकित पड़वार, दिनेश वर्मा, गुलाब अहिरवार, अर्पणा यादव,मालती मरावी, रामदास चौधरी, गीतिका, मोनिका, राहुल मंडल, हिमांषु गुप्ता, मनोहर कुमार, अनु चौधरी, प्राची राय, जय सिंह, विप्लव पोल, नवनीत कुमार, सुमित राठी, सुधीर शर्मा, ज्योति, अनुरानी, सचिन, संदीप कुमार, साहिल, प्रमोद कुमार, जयदेव के साथ समस्त शाला परिवार की उपस्थिति रही।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के कैलेंडर का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के युवा एवं जुझारू अध्यक्ष विवेक शुक्ला के नेतृत्व में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ लगातार अपनी बुलंदियों को छू रहा है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, शिक्षक संवर्ग के शासकीय सेवकों का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसमें नियमित शिक्षक एवं अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की आस्था जुडी हुई है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन डॉक्टर संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत मण्डला एवं श्रीमती वंदना गुप्ता सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के साथ ही रंजीत गुप्ता सहायक संचालक एवं खंड शिक्षा अधिकारी मण्डला के कर कमलौं से संपन्न हुआ।

विमोचन पश्चात डॉक्टर संजय कुशराम ने अपने शासकीय निवास स्थान पर समस्त शिक्षकों के साथ संवाद कर भावी योजनाओं के संबंध में चर्चाएं की एवं शिक्षकों की हर संभव सहायता की बात कही। विमोचन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से प्रांत प्रमुख असीम गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगौर, शैल कुमार दुबे, अखिलेश चंद्रोल, दिनेश दुबे, माखन सिंह चौहान, अनिल मरकाम एवं अन्य पदाधिकारी में योगेश चौरसिया, शौपत कुर्वेति, प्रभात ज्योतिषी, टीकाराम श्रीवास, मदन कच्छवाहा, अरविंद तिवारी, घनश्याम चौरसिया, प्रवीण वर्मा, निर्मल पटेल, प्रभात पटेल, मयंक नामदेव, संदीप कछवाहा धनीराम प्राचार्य केहरपुर, शील कछवाहा, तरूण तिवारी, धनीराम मरावी, शील निधी कछवाहा, दीपक ठाकुर, सिंगौर गवारी, निर्मल पटेल एवं तमाम तहसील एवं ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। अंत में जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने समस्त शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त कर किया।

पटेल, नंदकिशोर मार्को, उदय कांत अवस्थी रामकुमार पटेल, प्रवीण वर्मा श्रीमती इंदिरा सिंगरौरे, श्रीमती सुरेखा वैश्य, श्रीमती शांति मरावी, रेवा शंकर पांडे, राकेश शुक्ला, दीपक कछवाहा, रवि शंकर यादव, प्रियदर्शन पटेल गणेश झरिया, महेश

## थाना मवई द्वारा कन्या छात्रावास व गांव रमतीला में सायबर जागरूकता



**मवई।** दिनांक 02.02.2025 को शासकीय कन्या छात्रावास मवई में पुलिस साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें बच्चों को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी, हेल्पलाइन नंबर 1930, सायबर फ्रॉड से सावधानियां क्या करे? क्या न करे? कैसे बचे जैसे जानकारी देकर बच्चों को जागरूक किया गया। ग्राम रमतीला में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीण जानो को भी साइबर सुरक्षा अभियान ₹सेफ क्लिक₹ के तहत साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी, वर्तमान में एपीके फाईल भेजकर मोबाइल का डाटा चुराने जैसे सायबर ठगों द्वारा अपनाये जाने वाले तरिके व बचाव के तरिके के बारें में जानकारी साझा की गयी। उक्त कार्यक्रम में 200 की संख्या में उपस्थिति रहीं।

## सीआरपीएफ की एएसआई का घर आने पर जोरदार स्वागत



**नारायणगंज।** भुनेश्वरी पुट्टा पिता सकत सिंह पुट्टा माता श्रीमती सोमवती पुट्टा ग्राम बीजेगाँव भावल तह नारायणगंज जिला मंडला की मूल निवासी है इस बच्ची ने CRPF ASI स्टेनो का प्रशिक्षण अगस्त 2024 से जनवरी 2025 की अवधि शिवपुरी में पूर्ण कर CRPF कार्यालय बिलासपुर में अपनी उपस्थिति दी। और अवकाश लेकर दिनांक 1 फरवरी 2025 को अपने निज निवास बीजेगांव भावल आने की खुशी में भावल चौराहा में बेटी के माता, पिता, ग्रामवासी, गूजरसानी पंचायत के सरपंच, भावल पंचायत के सरपंच, पूरा क्षेत्रवासी, रिटायरमेंट आर्मी MP पुलिस, क्षेत्रीय शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित होकर स्वागत किया गया एवं दीर्घायु स्वावलंबन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं गई। बेटी द्वारा इस लक्ष्य को हासिल करने का अनुभव साझा की गई।

भूमि पूजन | आजाद वार्ड में बनेगा अटल बिहारी वाजपेयी पार्क।

# केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने दी नगर को 2 सौगातें





*** पीएचई मंत्री संपतिया उईके ने किया भूमिपूजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

नगर के आजाद वार्ड में अटल बिहारी वाजपेयी पार्क बनाया जायेगा। रविवार को मध्यप्रदेश की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने भूमिपूजन कर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में लोगों को हमेशा यह समस्या रहती है कि बच्चों के खेलने-कूदने तथा अन्य को घूमने-फिरने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होता। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी हमेशा आम जनता की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने की दिशा में काम करते थे। उनके नाम पर बनने वाले इस पार्क से वार्ड के आमजन की समस्या दूर होगी और उन्हें सुविधा होगी। इसके लिए वार्ड के लोग काफी समय से मांग कर रहे थे। इस अवसर पर मंडला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, मंडला नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका सीएमओ मंडला गजानन नाफड़े सहित अन्य गणमान्यजन एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएचई मंत्री संपतिया उईके ने किया मंगलेश्वर घाट का भूमिपूजन

उपनगर महाराजपुर के ज्वालाजी वार्ड के प्रसिद्ध मंगलेश्वर मन्दिर के पीछे नर्मदा घाट का मध्यप्रदेश की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 6.61 लाख रुपये की लागत से बनाये जाने वाले इस घाट से मंगलेश्वर धाम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। इसके लिए वार्ड के लोग काफी समय से मांग कर रहे थे। इस अवसर पर मंडला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, मंडला नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका सीएमओ मंडला गजानन नाफड़े सहित अन्य गणमान्यजन एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक राजेश तिवारी ने 36 वर्षों की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मध्यप्रदेश के बनवासी सेवामण्डल शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थान में कार्यरत शिक्षक राजेश तिवारी 31 जनवरी 2025 को अपनी 36 वर्षों की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। श्री तिवारी का पहली नियुक्ति 7 अक्टूबर 1989 को वन ग्राम-ठेभा, विकास खंड मोहगांव में हुआ था। इसके बाद उन्होंने विभिन्न स्थानों पर शिक्षा की सेवा दी और अंततः 31 जनवरी 2025 को बिछिया विकास खंड, ग्राम-धरमपुरी से अपनी सेवा समाप्त की।

श्री तिवारी की सेवा निवृत्ति पर ग्राम-धरमपुरी में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच, माध्यमिक और प्राथमिक शाला के स्टाफ और ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर श्री तिवारी की आँखों में आंसू थे और उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा, ₹यह क्षण मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगा।

इसके बाद, मण्डला महाराजपुर में एक भव्य किंगफिशर सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें श्री तिवारी जी के परिवार के सदस्यों के अलावा ग्राम के लोग भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उनके दामाद द्विजेश दुबे, बिटिया प्रिया दुबे, पुत्र ऋषभ और अखिल तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन अनिल द्वारा किया गया। सहभोज के दौरान श्री तिवारी को परिवार और मित्रों द्वारा बधाइयां दी गईं।

यह आयोजन श्री तिवारी के समर्पण और उनकी शिक्षा सेवा के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करने के रूप में आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम मे छात्रों को किया गया सम्मानित, नपा अध्यक्ष मिश्रा सहित सभापति रहे मौजूद

**गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय यानि की नगर के जनता स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की विशेष मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे पूरे वर्ष के अंतर्गत शासकीय कैलेंडर के अनुसार होने वाली बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओ और खेलों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। इन प्रतिभागी छात्रों में छह छात्र राज्य स्तर पर15 छात्र संभाग स्तर पर, 5 छात्र जिला स्तर पर विजयी रहे थे एवं शेष 84 छात्र विकास खण्ड एवम शाला स्तर पर प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम मे पिछले वर्ष की परीक्षाओ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र का पूजन कर किया गया। तदोपरान्त संस्था प्राचार्य एस के मिश्रा सहित शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम मे नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने अपने उदबोधन मे कहा कि प्रतिभावान छात्रों के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता हे एवं अन्य छात्रों मे भी प्रतिस्पर्धा की भावना आती है। कार्यक्रम मे नपा सभापति आनंद दुबे एवं सुरेंद्र गुर्जर ने कहा कि स्कूलों मे इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम मे प्राचार्य एस के मिश्रा ने भी अपने उदबोधन मे विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेंद्र बसेड़िया ने किया। कार्यक्रम मे विद्यालय स्टॉफ के शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### मिलावटी ईधन से जहर उगल रहे वाहन

**सांईखेड़ा।** मिलावट के युग मे वाहनों मे प्रयुक्त हो रहे पेट्रोल डीजल के शुद्ध होने की कल्पना करना ही व्यर्थ है,क्योंकि इसके पूर्व जब नगर में चंद पेट्रोल पंप हुआ करते थे तो उन पर मिलने वाले पेट्रोल व डीजल की गुणवत्ता पर विश्वास किया जाता था, मगर इस समय देखा जा रहा है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खुल रहे पेट्रोल पंपो के चलते उनसे मिलने वाले ईधन की गुणवत्ता पर विश्वास करना एक मुश्किल भरा काम हो गया है? बताया जाता है कि इस तरल ईधन मे मिट्टी के तेल की मिलावट होने से वाहनों से निकलने वाला सफेद गाढ़ा काला धुआं लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है,संबंधित विभागीय अधिकारी कभी कभार इक्का दुक्का वाहनो को पकड़कर मात्र अपनी औपचारिकता निभा खानपूर्ति कर विज्ञप्तियों के माध्यम से वाह वाही लूटने मे परहेज नही कर रहे है।

### आखिरकार खुलरी के लोगों को कब मिल पायेगी एटीएम की सौगात

**खुलरी।** जहां एक ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को लाभ बैक के माध्यम से प्राप्त हो जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके और हर व्यक्ति शासन की योजना का लाभ अपने खाते के माध्यम से ले सके। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि खुलरी क्षेत्र में स्थित बैक द्वारा अभी तक एटीएम की सुविधा प्रदान नही किये जाने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने के लिए भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? गौर किया जावे तो खुलरी में स्थिति भारतीय स्टैट बैंक शाखा के माध्यम से खुलरी के आलवा ग्राम भौझिर, घघरोला, पटना, भूमिया ढ़ाना, पिठहरा, सूरना, मुडिया, लिंगा, बिलोनी, बेहरा, तिगुवा, करहैया, सलैया सहित अनेक गांवों के उपभोक्ताओं द्वारा जहां प्रतिदिन लेनदेन किया जाता है, वही दूसरी ओर अनेक ग्राम पंचायतों के खाते भी यही के बैक से संचालित हो रहे है, मगर बैक शाखा द्वारा अभी तक अपने उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएम की स्थापना नही किये जाने की स्थिति में क्षेत्र के लोंगो को राशि निकालने के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि यदि किसी को अपनी राशि निकालना होता है तो वह सिर्फ बैक के कार्य दिवस व समय पर पहुंचता है।

# आम बजट को भाजपा ने कहा किसान को समृद बनाते हुये देश को विकास की ओर ले जाने वाला

## कांग्रेस ने कहा कि सरकार से गरीबों को कोई राहत नहीं मिलने वाली, परेशानियों से जूझ रहे निम्न और मध्यमवर्गीय की उम्मीदों पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।






केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते हुये शनिवार को वर्ष 2025-26 का संसद में आम बजट पेश किया गया। इस बजट की खासियत क्या है यह बात शायद ही किसी को आसानी से समझ आते हुये दिखाई नही दे पा रही है। क्योंकि पेश किये गये इस आम बजट में जहां किसानों से लेकर गरीबों के लिये अनेक घोषणा तो देखने मिल रही है। मगर दूसरी ओर मंहगांई पर काबू पाने का कोई खास उपाय भी दिखाई नही देने के कारण निश्चित तौर से इस आम बजट को लेकर लोगों में अनेक प्रकार के प्रतिक्रियाये देखने मिल रही है। इस तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार आठवी बार पेश किये गये आम बजट को लेकर लोग अपने अपने अंदाज में अपना हाल बताने लगे है। इस बजट को लेकर जहां कही खुशी तो कही गम देखने मिल रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि सरकार ने जहां मिडिल क्लास की सांसे लौटा दी गई है तो दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा इसे मात्र दिखावा ही बताया जा रहा है..? मगर सरकार द्वारा 12 लाख तक की इनकम पर अब टैक्स न लेने के साथ किसानों के केसीसी कर्ज पर लिमिट पांच लाख तक बढ़ोत्तरी की गई है। वही निश्चित ही अन्नदाता के लिये राहत वाली खबर है। वही दूसरी ओर 15 लाख ग्रामीण डाकघरों तथा स्कूलों व स्वास्थ्य केन्द्रो को जिस तरह ब्रांडबैंड से जोड़ने का निर्णय लिया है वह लाभ दायिक साबित होगा। वही किसानों और एग्रीकचर सेक्टर के लिये कई नई स्कीमों का ऐलान किया है। इस तरह कृषि के लिये बजट में 1.71 लाख करोड रूपया आवंटित किये गये है। वही पीएम धन धान्य कृषि योजना सहित खेती के लिये अन्य सौगाते प्रदान की गई हे। इस तरह देखा जावे तो मोदी सरकार ने गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के आलवा इस बार मीडिल क्लास का खास ध्यान रखते हुये उनके लिये राहत भरी संदूक खोली गई है। इस प्रकार से केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये इस बजट को लेकर लोगों में अलग अलग प्रकार की चर्चाएं सुनने मिल रही है जहां भाजपा द्वारा इसे किसान व गरीब हितैषी के साथ विकास वादी विकसित भारत की ओर अग्रसर होने वाला बताया जा रहा है तो कांग्रेस द्वारा इसे पूर्णरूप से पूर्व की तरह जुमला वाला बताने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस तरह शनिवार राष्ट्र की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश पेश किये गये आम बजट को लेकर जब क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट पूर्णरूप से गरीब व मध्यमवर्ग के लोगों के साथ साथ किसानों को कोई ज्यादा लाभ देने वाला नही है। क्योंकि सरकार का बजट मात्र कागजों तक सीमित ही रहता है। यदि सही मायने में देखा जावे तो इस बजट के माध्यम से सरकार ने बडे उद्योग पतियों की गोद भराई और गरीबों की अपेक्षा करते हुये मध्यम वर्ग के लिये मात्र लालीपॉप दिखा गया है। जहां एक ओर भाजपा सरकार किसानों को इस बात का भरोसा दिलाती है कि खेती को लाभ का धंधा बनाया जावेगा। मगर इस समय महंगाई से जूझ रहे किसानों को न तो समय पर खाद मिल पाती है और न ही बीज। जब यह सभी जरूरी सामग्री समय पर नही मिलेगी तो फिर इस तरह के बजट का क्या मतला। वही दूसरी ओर देश के युवा सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे है। मगर केन्द्र के बजट में रोजगार उपलब्ध कराने का तो कोई विशेष उल्लेख ही नही किया गया है जिससे यह जान पड़ रहा है कि केन्द्र की भाजपा सरकार को देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की ओर आज भी पूर्व की भांति नजर अंदाज किया जा रहा है। यदि देखा जावे तो इस समय देश का किसान विकट परिस्थिति से जूझ रहा है तो दूसरी ओर डीजल पेट्रोल सहित गैस के बढ़ रहे दामों को लेकर निश्चित ही हर वर्ग के लोग परेशान हो रहे है। मगर उसमें किसी भी प्रकार से कोई राहत नही मिल पाई है। इसी प्रकार से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका का कहना है कि केन्द्र की मोदी सरकार लगातार देश को विश्व के प्रथम स्तर पर ले जाने के लिए जो कार्य किया है उससे हमारे देश को विश्व स्तर पर मान तो बढ़ा ही रहा है साथ ही साथ केन्द्र सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्व है। वही बीते हुये शनिवार को केन्द्र की वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये आम बजट को देखकर यह लग रहा है कि केन्द्र सरकार ने आम जनता के लिये अपना पूरा का पूरा खजाना खोल दिया गया है । जिसमें आम व्यक्ति इनकम टैक्स में छूट प्रदान करने के साथ साथ किसानों पर मानों पूरा खजाना ही लूटा दिया गया है। इस तरह पेश किये गये बजट में सरकार द्वारा गांव से लेकर शहर, किसान, नौकरीपेशा, पेंशनर्स, महिलाओ यानि की सभी को कुछ न कुछ दिया गया है। मेरे हिसाब से शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जो सरकार की योजनाओं के लाभ से अछूता हो..। क्योंकि मोदी सरकार ने हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुये अपनी योजनाएं चला रही है जिसके चलते निश्चित ही लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने मिल रही है और अपने बजट में भी सरकार ने सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुये पेश किया गया है। इस बजट के लाभ से हर वर्ग के लोग लाभांवित होगे और उनके चेहरों पर मुस्कार देखने मिलेगी। वही पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमति अनीता/रविशेखर जायसवाल का कहना है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा शनिवार को संसद में पेश किया गया बजट किसान, युवा और आम आदमी का विरोधी है। केवल जनता को भ्रमित करने वाला है। क्योंकि अपने वादों को पूरा न करना इस सरकार की आदत है। क्योंकि प्रदेश में बीते हुये वर्ष विधान सभा चुनाव के दौरान किसानों को धान खरीदी सहित गन्ना पर जो बोनस देने की बात कही गई थी आज तक प्रदान नही की गई है जिसे एक साल से भी अधिक का समय बीत चुका है। अब जनता इस बजट पर विश्वास कैसे करेगी। भाजपा की वादे हो या फिर बजट सबकुछ सिर्फ कागजों तक सीमित रहने वाला ही होता है। इसी प्रकार से यह बजट भी साबित होने से नही चूक पायेगा। वही केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये इस आम बजट के संबंध में जब क्षेत्र के भाजपा नेता अशोक भार्गव से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जिस प्रकार से देश के विकास को लगातार गति दी जा रही है उसी गति को बनाने के लिए इस बजट में भी अपनी योजनाओं को शामिल करते हुए वित्तमंत्री ने यह बजट पेश किया गया है। पेश किया गया बजट देशवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुये तैयार किया गया है। मुख्य रूप से देखा जावे तो सामान्य व मध्यम वर्ग को टैक्स में छूट प्रदान करने से माध्यम वर्ग के लोगों को टैक्स से मुक्ति मिलेगी। मोदी सरकार ने अपने बजट में स्वास्थ्य सहित हर सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रसास किया है, लोगो को बेहतर सुविधाएं देने की अनेकों सकारत्मक योजनाएं देने वाला बजट बनाया गया है। यह बजट निश्चित ही देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत के मिशन में मिल का पत्थर साबित होगा। इसी प्रकार के केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये आम बजट की सच्चाई को लेकर जब ब्लाक कांग्रेस कमेटी सांईखेड़ा के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि केन्द्र सरकार पेश किया गये बजट ने फिर एक बार यह बात साबित कर दी गई है कि वह आम जनता की हितैषी न होकर सिर्फ उद्योगपतियों की हितैषी है। क्योंकि केन्द्र सरकार द्वारा 2025-26 के लिये पेश किये गये बजट से महंगाई से जूझ रहे लोगों ने काफी उम्मीदे लगााई गई थी। मगर यह बजट जनता को गुमराह करने वाला होने के साथ साथ धोखा देने जैसा है ।क्योंकि इस बजट में रोजगार, शिक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति जैसी व्यवस्थाओं को नजर अंदाज करत दिया गया है। वैस भी देखा जावे तो राहत देने की जो सच्चाई दिखाई दे रही है उस पर भी भरोसा कैसे किया जा सकता है । क्योंकि बीते हुये वर्ष के बजट में जो घोषणाये की गई थी वह आज तक पूरी नही हुई है तो फिर इस बजट पर भरोसा करना कहा तक संभव हो सकता है...? क्योंकि आम बजट में गरीबों का दाल चांवल, तेल , सीमेन्ट, गिट्टी लोहा तथा रोजमर्रा में उपयोग आने वाले सामग्री की भाव तो आज भी आसमान पर देखने मिल रहे है। इसी प्रकार से चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार सदा ही आम आदमी के हितों का ध्यान रखने वाली सरकार है। इसी तरह बीते हुये शनिवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश किया गया बजट भी सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुये तैयार किया जया है। इस बजट के माध्यम से मध्यम वर्ग का विशेष ख्याल रखा गया है। मुख्य रूप से गरीब, अन्नदाता, नारी शक्ति व नौजावानों को समार्पित होने के साथ साथ सशक्त बनाने वाला बजट है।

# संदिग्ध स्थिति में पाई गई चीचली के दवा व्यवसायी की लाश, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।





समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव से मगरमुंहा की ओर जाने वाली मार्ग पर जब लोगों ने एक व्यक्ति की लाश को सड़क किनारे देखी गई तो लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पाये। वही घटना की सूचना जब पुलिस को दी गई तो तुरंत गाडरवारा सहित चीचली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा गया तो एक व्यक्ति की लाश सड़क किनारे पड़ी हुई थी तथा उसकी मोटर साईकिल भी लाश के पास में ही खड़ी हुई थी। वही जब पुलिस द्वारा लाश के संबंध में जानकारी एकत्र की गई तो मृतक की पहुंचान बसंत पिता ताराचंद ताम्रकर उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी चीचली के रूप में की गई। वही इस तरह बसंत की लाश पाये जाने पर जब परिजनों को सूचना देते हुये मौके पर बुलाया गया तो उनके द्वारा बताया कि वह मेडीकल दुकान का संचालन करते है तथा दबाईयाँ लेने के लिये गाडरवारा गये हुये थें। मगर उनकी मौत किन कारणों से हुई इस बात का पता नही चल पाया है। वही घटना स्थल चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत होने के कारण पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है। इस तरह चीचली गाडरवारा मर्ग से हटकर दूसरे मार्ग पर पाई गई लाश अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है। क्योंकि चीचली से गाडरवारा आने जाने के लिये मुख्य मार्ग कांच मंदिर वाला माना जाता है और अधिकांश लोग इसी मार्ग से आते जाते है। मगर बसंत की लाश मगरमुंहा से कान्हरगांव की ओर जाने वाली मार्ग पर पाई गई है..? जबकि परिजनों का कहना है कि वह किसी के बुलाने पर गाडरवारा गये हुये थें। यदि मृतक गाडरवारा गया हुआ था या फिर गाडरवारा से चीचली जा रहा था तो फिर सुगम और सुलभ मार्ग की जगह वह कान्हरगांव मार्ग से क्यो निकल रहा था जहां पर उसकी लाश पाई गई है..? इस तरह चीचली से गाडरवारा आने जाने वाले मुख्य मार्ग की जगह विपरित मार्ग पर इस तरह बसंत की लाश पाया जाना अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रहा है..? इस संबंध में पुलिस का कहना है कि प्राथमिक तौर से तो बसंत की मौत साधारण मौत ही जान पड़ रही है। मगर पोस्ट मार्टम कराते हुये बिसरा जांच के लिये भैजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सच्चाई का पता चल पायेगा।

### भंडारे के साथ हुआ शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद देवी भागवत कथा का समापन, माँ जगतजननी की आराधना से मिलता है पुण्यलाभ - शुक्ल महाराज

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



रविवार को स्थानीय छिडाव घाट शक्कर नदी प्रांगण पर में बीते हुये 27 जनवरी से शुभारंभ हुए शतचंडी महायज्ञ, देवी प्राण प्रतिष्ठा व श्रीमद देवी भागवत कथा का समापन विशाल बीते हुये दिवस विशाल भंडारे के साथ किया गया। बताया जाता है कि इस भव्य आयोजन का विधिवत शुभारंभ 26 जनवरी को विशाल कलश यात्रा से हुआ था। इसके उपरांत अगले दिन 27 जनवरी से शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत कथा शुरू हुई जो रविवार को समाप्त हुई। लगातार सात दिनों तक कथा मे सभी दिन प्रयागराज से आये कथा वाचक शिवम शुक्ल महाराज ने मां जगतजननी माँ दुर्गा की महिमा का वर्णन किया एवं संगीतमय श्रीमद देवी भागवत कथा सुनाई। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन कथा मे कहा कि माँ दुर्गा की आराधना जो भी सच्चे मन एवं पवित्र भाव से करता है उसे पुण्य लाभ मिलता हे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सदैव पूर्ण मनोयोग से मातारानी का पूजन करना चाहिए। भक्तों को उन्होंने जीवन मे सत्संग के बारे मे बताते हुए कहा कि अच्छी संगत से अच्छा ज्ञान मिलता हे एवं बुरी संगत से अवगुण आते है। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जगतजननी माँ दुर्गा जगत का उद्धार करती है एवं अपने भक्तो के कष्टों को दूर करते हुए उनके जीवन मे समृद्धि लाती हे। कथा मे अंतिम दिन संगीतमय भजन एवं पुष्प वर्षा पर श्रद्धांलुओं ने नृत्य किया। कथा मे प्रतिदिन आरती के साथ समापन हुआ। प्रतिदिन रात को रासलीला का भी आयोजन कथास्थल पर हुआ। प्रतिदिन बड़ी संख्या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओ ने कथा, रासलीला, यज्ञ मे उपस्थित एवं यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्यलाभ लिया।



## नि:शुल्क उपचार शिविर में 137 मरीजों को मिला लाभ

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मानव सेवा समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये हर माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निः शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते बीते हुये रविवार को भी किया गया। आयोजित इस 66 वे कैम्प शिविर में 3 शहरों एंव 22 गावों के लगभग 137 मरीजों ने पहुंचकर अपना उपचार करवाया गया साथ ही युवाओं द्वारा निः शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप को पालिथिन मुक्त रखते हुये सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी। आयोजित किये गये इस मेडीकल कैम्प में महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर स्वाती कुरचानिया, डा,मनीष महोबिया, डाक्टर उपेन्द्र बस्त्राकार, डाक्टर ज्योति पुआरे, डा,अरूण दोहरे के आलवा सहयोगी के रूप में राहुल गोस्वामी, बबलू दवाई बाले, प्रशांत सोनी, आकाश रजक सहित शिव स्व सहायता समूह कि सदस्यों एंव ग्राम कान्हरगांव के मानव सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान की गई। वही मेडीकल कैम्प में ,जबलपुर, कटनी, नांदना, बनखेड़ी, सूखाखेरी, पलोहा, देतपोन, सोकलपुर, अमाड़ा, कामती, धनोरा, मरके, सुरेला,छेनाकछार, भूतखेड़ा, बेरखेरी,सिगौठा, महगवां कला ,कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीज पहुंचे जिनका डाक्टरों द्वारा उपचार किया गया।

# सांईखेड़ा के शासकीय सी.एम. राइज विद्यालय आयोजित किया गया कैरियर मेले का आयोजन





हरिभूम्मि न्यूज/सांईखेड़ा।

नगर के सी. एम. राइज विद्यालय में बीते हुये दिवस कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजन एवं बंदना के साथ हुआ। वही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शास.विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संगीता यादव, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राकेश खेमरिया, भौतिक विज्ञान से सहायक प्राध्यापक डॉ.बी.एन.मिश्रा, रसायन से धर्मेंद्र शुक्ला सर अर्थशास्त्र से डॉक्टर हर्षित द्विवेदी अंग्रेजी से डॉक्टर शशिलता नीखरा उपस्थित रहीं। वही कार्यक्रम की शुरुआत में कैरियर प्रभारी मनोहर सिंह पटेल एवं भगीरथ प्रसाद द्वारा मेला आयोजन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई । वही अतिथि वक्ता बी एन मिश्रा द्वारा भौतिक विज्ञान के कैरियर के साथ साथ विभिन्न उदाहरणों द्वारा विद्यार्थियों को मोटिवेट किया गया । इसी प्रकार से डॉ. धर्मेंद्र शुक्ला सर द्वारा रसायन,डॉ. हर्षित द्विवेदी द्वारा अर्थशास्त्र एवं डॉ शशिलता नीखरा द्वारा भाषा से कैरियर बनाने एवं विषय की बारीकियों से अवगत कराया । विद्यालय के मनीष तिवारी द्वारा सामाजिक विज्ञान की व्यापकता एवं कैरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया साथ ही लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित किया गया। वही गणित विद्यालय के सुधीर प्रजापति द्वारा उच्च शिक्षा के महत्व एवं विभिन्न महाविद्यालय एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया गया1 अतिथि राकेश खेमरिया द्वारा स्वामी विवेकानंद का उदाहरण से बच्चों को मोटिवेट किया गया कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी मनोहर पटेल एवं भगीरथ प्रसाद द्वारा विद्यार्थियों को शासन के मंशा अनुसार कैरियर के विकल्पों , विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया एवं अभिरुचि, बौद्धिक क्षमता एवं व्यक्तिव के अनुरूप विषय एवं कैरियर चयन की सलाह दी गई।विभिन्न उदाहरणों द्वारा स्व मूल्यांकन, प्रैक्टिकल अप्रोच एवं टाइम मैनेजमेंट का महत्व बताया गया । वही संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा द्वारा अयोजित मेले में कक्षा 10 उत्तीर्ण करने के बाद विषय चयन तथा 12 वी के बाद महाविद्यालय में प्रवेश की जानकारी के साथ साथ विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कैरियर की संभावनाओं के बारे में बताया गया। आयोजित मेले में विभिन्न विषयों स्टॉल लगाकर एवं कैरियर कार्ड्स के माध्यम से कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियां दी गई । कार्यक्रम में विद्यालय से श्रीमति पूनम बसेड़िया , रत्ना राजपूत, विद्या विश्वकर्मा , कीर्ति चौबे , ब्रजबाला मालवीय, निरंजन झारिया, भवंत मेश्राम ,अखिलेश मेहरा, रूपसिंह कुशवाहा,रीतेश अवस्थी, भानु खरे, संतोष बड़कुर, तरुण श्रीवास्तव, अभिषेक राजपूत मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### झारिया सेवा समिति शहपुरा जिला डिंडोरी में हुआ 38 मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण



**डिंडौरी ।** झारिया सेवा समिति शहपुरा जिला डिंडोरी समाज कल्याण की अग्रणी संस्था द्वारा लगातार प्रत्येक महीने की 2 तारीख को सदगुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट के सहयोग से मोतियाबिंद की जॉच,आंखों में लालीपन जलन की जांच,काले मोतियाबिंद की जांच,आंखों में एलर्जी की जांच,चश्मे के नंबर की जांच कम व धुंधली दिखाई देना की जांच करी जाती है ।इसीक्रम में दिनांक 02.02.25 को 50 मरीजों की जांच जांच पश्चात 38 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा गया । इस अवसर पर झारिया सेवा समिति शहपुरा के समस्त पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे ।

### ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक होगी

**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि जनपद पंचायत पाली में 10 फरवरी को , जनपद पंचायत मानपुर में 11 फरवरी को तथा जनपद पंचायत करकेली में 14 फरवरी को ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के मुख्य आथित्य में आयोजित होगी। बैठक में ऋण जमा अग्रिम जमा साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीय साक्षरता अभियान एवं प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओं के द्वारा शिविर आयोजन की समीक्षा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र की योजनाओं की समीक्षा, एन यू एल एम की समीक्षा, एन पी ए खाते में वसूली सरफेसी प्रकरण और आर आर सी के तहत भौतिक कब्जे के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा, पशु पालन, मत्स्य, कृषि विभागों के के सी सी के प्रगति की समीक्षा, एन आर एल एम की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओ पर समीक्षा की जाएगी।

### 8 फरवरी को पाश्र्व प्रवेश परीक्षा

**उमरिया।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली पाश्र्व प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से जवाहर नवोदय विद्यालय उमरिया, शासकीय बालक उमावि कालरी, शासकीय कन्या उमावि गांधी चौक में आयोजित की गई है । प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड किए जा सकते है । अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर एवं जन्म तिथि डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

### फायलेरिया की रोकथाम के लिए दवा सेवन के जागृति शिविर सम्पन्न

**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी के सारस ने बताया कि फायलेरिया बीमारी के उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन के लिए कार्यशाला एवं जागृति शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , सिविल सर्जन एवं एवं जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा फायलेरिया से बचने के लिए दवा का सेवन करने की अपील की गई। उन्होने बताया कि 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को 100 मिली ग्राम डीईसी गोली , 400 मिलीग्राम की एलवेंडाजोल की गोली, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को 200 मिली ग्राम डीईसी की 2 गोली, एलवेंडाजोल की 1 गोली तथा 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग को 300 मि.ग्रा. की 3 गोली तथा एक गोली एलवेंडाजोल की खिलाई जाएगी । इसी तरह आइवरमेक्टिन गोली उंचाई के अनुसार खिलाई जाएगी । गर्भवती , माताओ, अत्यधिक वृध्द, गंभीर रोगों से पीडित व्यक्तियों को गोली नही खिलाई जाएगी । गोली का सेवन खाली पेट नही करना है । दवा का सेवन समक्ष में कराया जाएगा तथा दवा सेवन के पश्चात व्यक्ति के बायें उंगली पर मार्किंग की जाएगी ।

---

**करंजिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मामला**

# रोड सर्वे के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

डिंडौरी

करंजिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगतपुर के करमंगशडल नाला के करीब पंचायत रोड सर्वेक्षण के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल चैकी टोला जगतपुर से रिखीराम के घर तक सड़क निर्माण के लिए ग्रेवल रोड निर्माण के लिए सर्वे किया जा रहा था, जिसमें सर्वे कर्ताओं से सिल्वर पाइप का उपयोग कर नाप-जोख कराया जा रहा था। तभी अचानक मोहन लाल बघेल के खेत के सामने युवक मृतक गोरेलाल पिता रामप्रसाद उइके 40 निवासी जगतपुर बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।



### घटना का पूरा विवरण

यह हादसा दोपहर करीब 12.30 बजे हुआ। प्रार्थी लामू सिंह उरेती पिता रामचरण सिंह उरेती, उम्र 28 वर्ष, निवासी जगतपुर चैकी मोहल्ला, अपने रिश्तेदार गोरेलाल उड़के पिता रामप्रसाद उड़के और कमलेश मार्को के साथ पंचायत रोड का सर्वे कर रहे थे। सिल्वर पाइप की मदद से रोड की चैड़ाई नापने का काम चल रहा था। जब वे करमण्डल नाला पुलिया से 100 मीटर पहले पहुंचे, तो गोरेलाल सिल्वर पाइप को लगभग 15 फीट ऊंचाई तक उठाकर नाप कर रहे थे। इसी दौरान पाइप अचानक ऊपर से गुजर रही मैन बिजली लाइन से टकरा गया, जिससे करंट लगने के कारण गोरेलाल बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े।

### मौके पर मची अफरा-तफरी

हादसे के तुरंत बाद लामू सिंह उरेती और कमलेश मार्को ने बेहोश पड़े गोरेलाल उइके को देखा और तुरंत मदद के लिए चिल्लाने लगे। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार देने का प्रयास किया। घटना की सूचना सरपंच रमेश सिंह को दी गई, जिन्होंने तुरंत थाना करजिया को सूचित किया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

सूचना मिलते ही थाना करंजिया की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल गोरेलाल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के संबंध में सरपंच रमेश सिंह भी थाना करजिया पहुंचे और प्रार्थी लामू सिंह उरेती की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्या कहती है प्रशासनिक लापरवाही?

इस हादसे ने पंचायत और बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर कर दिया है। पंचायत द्वारा किए जा रहे रोड सर्वे के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन नहीं किया गया था। इसके अलावा, बिजली विभाग द्वारा हाईटेंशन लाइन के पास कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा चिह्न नहीं लगाया गया था, जिससे यह दुर्घटना हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत कार्यों के दौरान सुरक्षा उपायों की अनदेखी करना आम बात हो गई है। यदि पहले से ही बिजली विभाग और पंचायत विभाग सतर्क होते, तो इस दुर्घटना को टाला जा सकता था।

### ग्रामीणों की मांग

इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि पंचायत द्वारा रोड सर्वेक्षण जैसे कार्यों के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। साथ ही, बिजली विभाग को भी संवेदनशील इलाकों में हाईटेंशन लाइनों की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए।

---

## अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिरें बाइक सवार एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर रूप से हुआ घायल



**डिंडौरी ।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत काटीगहन में रविवार को अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिरने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी में बताया गया कि ग्राम पंचायत विठलदेह के पोषक गांव चुहचुही निवासी सुबह काम से बुंदेला आयें थें काम कर घर वापस आ रहें थें तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया दुर्घटना में बाइक चालक ,,की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल हैं घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे करंजिया थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा हैं और घटना के कारणों की तफ्तीश करने में जुट गया हैं। मृतक कार्तिक पिता समर सिंह श्याम निवासी चुहचुही 17 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इसका साथी बबलू पिता फूलसिंह पट्टा निवासी भिजरी थाना अमरकंटक गंभीर घायल हैं

## शासकीय उचित मूल्य दुकान में हेरफेर के मामले में अभियुक्त रिहा

**अधिवक्ता सम्यव जैन व मनन अग्रवाल ने की पैरवी**



**डिंडोरी।** ज़िले के गाड़ासरई थाना क्षेत्रंतार्गत शेख शमीम, कनिष्ठ आपुर्ति अधिकारी बजाग, जिला डिण्डौरी ने थाने में संलग्न अन्य ज़रूरी दस्तावेजो के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पिण्डरूखी एवं कारोपानी लैम्प्स हर्रा की सेल्समेन के द्वारा दुकान पिण्डरूखी से 708.96 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल तथा 15.44 क्विटलं गेंहू, अनुमानित मूल्य 28,97,717/- रूपये है एवं दुकान कारोपानी से 177.14 क्विटलं चावल तथा 21.66 क्विटलं गेंहू, 10 कि.ग्रा. शक्कर तथा 0.90 क्विटलं मूंग, अनुमानित मूल्य 7,81,681/- रूपये है, दोनो दुकानो के खाद्यान्न की जुमला राशि 36,79,398/- रूपये, का शासन से जारी म०प्र० सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की, कनिष्ठ आपुर्ति अधिकारी बजाग, जिला डिण्डौरी के द्वारा प्रस्तुत आवेदन मे लिखित, कंडिकाओ का स्पष्ट उल्लघंन करते हुये, खाद्यान्न की अफरा-तफरी कर अवैध लाभ अर्जित कर गबन किया गया था के विषय में प्राथमिकी दर्ज कराई थी । जांच रिपोर्ट व संलग्न अन्य दस्तावेजो के अवलोकन पर से अभियुक्तगण शासकीय उचित मूल्य दुकान पिण्डरूखी एवं कारोपानी लैम्प्स हर्रा (खरगहना) की सेल्समेन के विरूध्द प्रथम दृष्टया धारा 409, 420, ताहि एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पाये जाने से आरोपी के विरूध्द धारा सदर का अपराध पंजीबध्द कर गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया था। जिसको अधिवक्ता सम्यक जैन व मनन अग्रवाल के माध्यम से चुनौती दी गई थी जहां सत्र न्यायालय ने जमानत ख़ारिज कर दी थी जिस उपरांत अधिवक्ताओ ने हाई कोर्ट में जमानत अर्ज़ी पेश की जहां सुनवाई उपरांत आरोपी के रिहा के आदेश दिये गये । अधिवक्ताओं ने न्यायालय को बताया कि अंतर की गणना केवल ऑनलाइन पीडीएस पोर्टल के आधार पर की गई है और जांच अधिकारी ने कोविड-19 अवधि के दौरान ऑफ़लाइन प्रदान किए गए अंतर की गणना नहीं की है। इस मामले में, आरोपी का तबादला हो गया था और नुकसान पूर्व से प्रचलित में था जिसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब में बताया गया था परंतु नज़रंदाज़ कर दिया गया । पत्र में स्पष्ट रूप से दर्साया गया था कि अंतर उस अवधि का है जब उसने कार्यभार नहीं संभाला था। जिसको न्यायालय ने स्वीकार कर आरोपी को जमानत का लाभ दिया।

---

## शिविर स्थल में हुआ महा आरती का भव्य आयोजन




**डिंडौरी।** पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक संचालक श्री शक्तिपुत्र महाराज के आशीर्वाद निर्देशन में जबलपुर बायपास मैदान डिंडोरी महाआरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए और 8 - 9 फरवरी को होने वाली शक्ति चेतना जन जागरण शिविर में घर-घर आमंत्रण पत्र पहुंचाने का संकल्प लिया, कार्यक्रम के समापन में भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय सचिव बृजपाल सिंह चैहान ने कहा कि आप लोग अपने रिश्तेदार इष्ट मित्रों को आमंत्रण पत्र के माध्यम से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करें और अधिक से अधिक संख्या में उनका नशा मुक्त होने के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय प्रवक्ता रमेश मिश्रा के द्वारा बताया गया कि आप लोग कार्य कर रहे हैं किंतु और अच्छे से सजग होने की आवश्यकता है जिससे यहां पर लाखों की संख्या में उपस्थित होने वाले मां भक्तों को हम अच्छे से अच्छी व्यवस्था दे सकें साथ ही मां नर्मदा जयंती के अवसर में यहां पर लाखों की संख्या में मां भक्ति आएंगे उन्हें भी हमारे होने वाले शिविर में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करेंगे।

### 5 फरवरी को होगी पदयात्रा

महाआरती क्रम के समापन में बताया गया कि 5 फरवरी को डिंडोरी जिले की नागरिकों को शक्ति चेतना जन जागरण शिविर में आमंत्रित हेतु जनमानस का आवाहन करने एक पदयात्रा का आयोजन होना है उसमें भी डिंडोरी जिले की सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को समर्थन और पहुंचाने हेतु अपील की जावेगी इस यात्रा में लगभग 1000 से अधिक लोग शामिल होंगे।

### 7 फरवरी को शक्तिपुत्र महाराज का आगमन

केंद्रीय प्रवक्ता ने बताया कि 7 फरवरी को पंचज्योति शक्ति तीर्थ आश्रम से चलकर शहडोल अनूपपुर होते हुए चंदन घाट, सागर सागर टोला चलकर डिंडोरी काफिला पहुंचेगी जहां पर कलश फूलमालाओं के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य यात्रा का स्वागत की जाने की जानी है और 8- 9 फरवरी को श्री शक्तिपुत्र महाराज का जबलपुर बायपास मैदान डिंडोरी में प्रवचन का कार्यक्रम होना है उसमें अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### 9 फरवरी को सुबह दीक्षा का कार्यक्रम

जानकारी में बताया गया कि श्री शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा 9 फरवरी को सुबह 8रू00 बजे निशुल्क रूप से कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले मां भक्तों को गुरु दीक्षा प्रदान की जावेगी जो नशे मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीने की संकल्प लेंगे उनको महाराज जी के द्वारा निशुल्क रूप से गुरु दीक्षा प्रदान की जावेगी अतः संगठन सभी मां भक्तों को दीक्षा के क्रम में उपस्थित होने का आवाहन करता है।

## मां नर्मदा चुनरी यात्रा की तैयारीयां तीव्रता से प्रारंभ

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में आगामी 4 फरवरी को मां नर्मदा जयंती को लेकर तैयारी पूरी तीव्रता के साथ प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रतिवर्ष मां नर्मदा जी के जन्मदिन के सुअवसर पर अमरपुर में हर वर्ष श्रद्धालु भक्तों द्वारा चुनरी अर्पित की जाती हैं। जिसे अमरपुर एवं आसपास क्षेत्रों के भक्त अपने कंधों में रखकर 25 किलोमीटर पैदल चलकर रमपुरी स्थित नर्मदा घाट में मां नर्मदा जी को अर्पित करते हैं। विगत वर्ष भी भक्तों ने मां नर्मदा जी को अत्यधिक लंबी चुनरी अर्पित की गई थी। और यह चुनरी बनाने में अमरपुर एवं आसपास क्षेत्र की महिलाओं से साड़ी के रूप में चुनरी ली जाती हैं। एवं इस चुनरी को पूरी श्रद्धा भाव से मां नर्मदा को अर्पित करके पुनः उन माताओं, बहनों को वही साड़ी प्रसाद स्वरूप वापस भी कर दी जाती हैं। साड़ी यहां वहां बदले ना समिति इसकी भी तैयारी करती हैं और प्रत्येक साड़ी में नंबर होता हैं। जिसका उल्लेख रजिस्टर में भी होता हैं। मां नर्मदा के भक्तजध इस वर्ष भी पूरी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भारी उत्साहित नजर आ रहे हैं। मां नर्मदा चुनरी यात्रा समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इस वर्ष भी 3 फरवरी को सुबह 11 बजे से मां नर्मदा जी की प्रतिमा चक्रवर्ती मुहल्ले से निकाल कर पूरे अमरपुर नगर भ्रमण के बाद शाम को खरमेर नदी के आम घाट में मां नर्मदा जी की प्रतिमा रखी जाएगी, जहां पर देर शाम को मां नर्मदा जी की महाआरती प्रसाद वितरण के उपरांत प्रतिमा मां नर्मदा मंदिर में रखी जाएगी। जोकि 4 फरवरी को सुबह पूरी विधि विधान से पूजन अर्चन पश्चात सुबह 8 बजे मां नर्मदा जी की प्रतिमा एवं विशाल चुनरी यात्रा रामगढ़, बाकांटोला, नेवसा, भपसा, धनवासी, सलैया एवं रमपुरी होते हुए मां नर्मदा घाट पहुंच कर विशाल चुनरी को समस्त मां नर्मदा के श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा अर्पित किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा यह भी बताया गया कि 3 फरवरी को आम घाट खरमेर नदी शाम 7 बजे मां नर्मदा जी की महाआरती किया जाएगा। जिसमें प्रसाद वितरण भी किया जाएगा जिन भी श्रद्धालु भक्तों को मां नर्मदा जी को भोग प्रसाद चढ़ाकर वितरण करना हैं। वह भक्त अपने घरों से हलुआ या अन्य कोई भी प्रसाद लाकर चढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही जिन भक्तों को महाआरती करना हैं, वह घरों से आरती की थाली सजाकर अवश्य लावें। वही दूसरी दूसरे दिन 4 फरवरी को जिन श्रद्धालुओं को मां नर्मदा जी को कढ़ाई प्रसाद चढ़ाना हैं। वह सुबह 7.30 बजे मां नर्मदा मंदिर में ला सकते हैं।



---

## नर्मदा जन्मोत्सव के पूर्व घाटों की की गई सफाई

### मैया अभियान के सदस्यों ने किया श्रम दान

डिंडौरी

विगत 2 वर्षों से अवनरत जारी माँ नर्मदा सेवा मैया अभियान के सदस्यों ने रविवार को नर्मदा पुल समीप घाटों की सफाई की। इस दौरान घाटों में फैले प्लास्टिक पन्नियों,गंदे कपड़े, काँच की बोतलों एवं विसर्जन सामग्री को घाटों से उठाया गया। नर्मदा नदी में विसर्जित सामग्री नारियल, चुनरी एवं फूल मालाओं को निकाला गया। आगामी 4 फरवरी को माँ नर्मदा प्रकटोत्सव पर्व मनाया जाएगा। मैया अभियान के सदस्यों ने सभी डिंडोरी निवासियों से अपील की है,कि इस दौरान माँ नर्मदा में दूषित सामग्री न फेकें एवं साबुन डिटर्जेंट का प्रयोग न करें। रविवार को आयोजित मैया अभियान में जिला आयुष अधिकारी डॉ संतोष परस्ते, नेहरू युवा केन्द्र आर पी कुशवाहा, उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, प्रयास कोचिंग संचालक मनोज चैकसे ,पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गणेश गवले ,प्राचार्य रामविशाल मिथलेश, जन शिक्षण संस्थान से आशीष तिवार, रक्त देवदूत भागवत यादव, यथार्थ यादव, माही, सरस्वती मार्को, दिव्या परस्ते ,संस्कार झारिया, अबध गोहिया, विजय रजक, महेंद्र उचेहरा ने श्रम दान कर स्वच्छता का संदेश दिया।





## कलेक्टर ने नर्मदा उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**डिंडौरी ।** कलेक्टर ने आगामी नर्मदा प्रकटोत्सव के आयोजन के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, घाटों पर साफ सफाई, डस्टबिन व्यवस्था, भंडारा व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, यातायात प्रबंध सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आयोजन के सम्बन्ध में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है,नर्मदा घाटों की व्यवस्था के लिए सभी विभाग प्रमुख को विभागीय अमले के साथ दायित्व दिए गए है, जिसमें वनमण्डलाधिकारी सामान्य को जोगी टिकरिया घाट,सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को इमलीकुटी घाट,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अम्बेडकर घाट,सीएमएचओ को विद्युत मण्डल विभाग के पीछे रहली मोहल्ला घाट , जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विभाग को शंकर घाट गायत्री मंदिर के पास, उप संचालक कृषि को पुल के पास वाले घाट एवं जिला परियोजना समन्वयक आजीविका मिशन को डेम घाट के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्य सौंपे गए है। सभी विभाग नर्मदा घाटों में आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध करायँगे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी नर्मदा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पटवारी, कोटवार, सचिव, रोजगार सहायक, होमगार्ड के जवान पुलिस का सहयोग करेंगे, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह,सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर,पार्षद रजनीश राय एसडीएम डिंडौरी, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, एसडीओपी डिंडोरी के के त्रिपाठी, जिला सेनानी होमगार्ड ललित उद्दे, सीएमओ अमित तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## BSW/MSW छात्र - छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न

**प्रथम व्दितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किये**



**अमरपुर।** जिले के ब्लाक मुख्यालय अमरपुर के शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दिन रविवार 2 फरवरी को किया गया प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम में दोनों पक्ष -विपक्ष टीम का चयन किया गया पक्ष विपक्ष टीमों के व्दारा भाग लिया और भाग लेकर अपने अपने टीमों के पक्षों से छात्र - छात्राओं ने अपने कुशलता कला कौशल दिखाया कार्यक्रम में पक्षकार से कर्णिका ठाकुर प्रथम , अभिषेक वनवासी व्दितीय इसी प्रकार से विपक्ष से बलराम राजपूत प्रथम और धर्म सिंह कुशराम व्दितीय दोनों पक्ष विपक्ष में प्रथम व्दितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री बद्री प्रसाद चौहान डिंडोरी और ब्लाक समन्वयक अमरलाल धुर्वे अमरपुर और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम परामर्शदाता लालसिंह ठाकुर, अशोक यादव, मनोज कुमार तंतुवाय, तिलक सिंह सैयाम, राधे श्याम बनवासी, व्दारा प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किये ।अंत में जिला समन्वयक द्वारा आने वाले क्लास में पेसा एक्ट ग्राम सभा प्रदर्शन करने तथा रुचि पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## एक आरोपिया पुलिस की गिरफ्त में

# नौकरानी ने लालच में दिया चोरी की घटना को अंजाम

### घर में काम करने वाली नौकरानी ने लालच में आकर दिया था चोरी की घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस को फरियादी रितूराज पटेल पिता प्रदीप पटेल, उम्र 32 साल, निवासी समनापुर, डांगीढाना जिला नरसिंहपुर द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि वह फायनेंस कम्पनी में काम करता है एवं उसके फूफा आजाद सिंह परिहार तथा बुआ श्रीमति सुनीता परिहार बैहर पौड़ी में रहते हैं। जिनके बच्चे बाहर रहते है इस कारण मैं उनकी देख-रेख को बैहर पौडी में ही रहने लगा है। दिनांक 30.01.2025 को उसकी बुआ जी ने आलमारी में देख कर बतायी कि अलमारी में रखा स्टील के डिब्बा में रखे सोने, चांदी के जेवरात एवं 2100 रूपये कुल कीमती 08 लाख 50 हजार रुपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा आलमारी का ताला खोल कर सोने चांदी चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुये अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 89/2025 धारा 331(1), 305 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।





थाना स्टेशनगंज, नरसिंहपुर पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर चोरी का संपूर्ण मशरूका कीमती 8 लाख 50 हजार रूपये बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा गहनता से विवेचना करते हुये 24 घंटे के अंदर घटना को अंजाम देने वाली आरोपिया कला बाई नोरिया पति अशोक नोरिया निवासी केरपानी, थाना सुआतला को गिरफ्त में लेकर गहनता से पूछताछ की गयी जिसने चोरी की घटना को अंजाम देने स्वीकार किया गया एवं उसके कब्जे से चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी सहित कुल मसरूका कीमती 8 लाख 5 हजार रूपये बरामद करने में सफलता प्राप्त हुयी।

लालच में आकर दिया था चोरी की घटना को अंजाम - घटना को अंजाम देने वाली आरोपिया द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह 1500६- रुपये माह से झाडू-पोछा का काम दिन भर करती थी। उसके लिए यह 1500६- रुपये कम लग रहा था। जो उसने लालच में आकर आज से 15-20 दिन पूर्व दो सोने के कंगन चुराये थे जिससे घर वाले समझे की कंगन घर में कही गिर गये होगे इसलिए उन्होने किसी को कोई सूचना नहीं इस कारण आरोपिया के मन में और लालच जागा और उसनें जब परिवार के सदस्य घर से बाहर नागपुर गये थे. व घर में केवल एक महिला थी जो घटना दिनांक को नहाने के लिए गई थी। इसका फायदा उठाकर घर की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात कीमती 08 लाख 50 हजार रुपये के चुराकर खेत में बने मकान जहाँ आरोपिया को रहने के लिए दिया था. वहां पर गन्ने के भूसे में छूपा दिये थे। जहाँ से उसके बाद धीरे-धीरे उनको बेचने का योजना बनायी थी इसके दो-चार दिन बाद काम छोडकर अन्य जगह चले जाने की सोच रही थी।

पतासाजी एवं गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका रू- उक्त मामले में मशरुका बरामदी एवं आरोपिया की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका थाना प्रभारी, स्टेशनगंज, निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, उनि. अर्जुन सिंह बघेल, प्रआर, अखिलेश धुर्वे, नरेन्द्र कुशवाहा, आरक्षक लक्ष्मी नागपुरे, शिवम, राजकुमार, गोविन्द, प्रशांत सिंह, मआर. शिवानी, माया सैनिक मनीष पाराशर की मुख्य भूमिका रही है।

## खबर संक्षेप

### जिव्हा जागरण बसंत पंचमी महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में सरस्वती शिक्षा परिषद सह विभाग समन्वयक संतोष कनौजिया, विद्यालय प्रबंध समिति, गणमान्य नागरिक, आचार्य परिवार एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में दिनांक 03 फरवरी 2025 को प्रातः 9:30 से दोपहर 12:30 तक जिव्हा जागरण पट्टिका पूजन विद्यारंभ संस्कार 3 से 6 वर्ष के प्रथम प्रवेशित शिशुओं का हरित मण्डप में किया जा रहा है। संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर ने पंजीयन शुल्क के साथ संस्कार कराने वाले अभिभावक गण शिशु के साथ समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सेवानिवृत्ति पर दुबे को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कृषि विभाग नरसिंहपुर में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में पदस्थ विष्णु प्रसाद दुबे विभाग में 34 वर्ष 8 माह की अधिवार्षिकी सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित कर उनके कार्यशैली की प्रशंसा की गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित श्री दुबे सहज सरल और समन्वय की अद्भुत क्षमता के धनी हैं उन्होंने निष्ठापूर्वक अपने कत्र्तव्यों का निर्वहन किया इस मौके पर उपसंचालक उमेश कटहरे, अनु. कृषि अधिकारी श्रीमती शिल्पी नेमा, मिट्टी परीक्षण अधिकारी डॉ. आरएन पटेल, प्राचार्य श्रीमती दीप्ति यादव, सहायक संचालक गन्ना अभिषेक दुबे, श्रीमती सीमा डेहरिया, श्रीमती सुनीता मवासे, श्रीमती रश्मि ठाकुर, आरके अग्रवाल, अशोक श्रीवास्तव, श्रीमती ऊषा पचौरी, श्रीमती विभा सिंह तोमर,एन के आरसे, बी एम साहू ,श्रीमती भारती मेहरा, एस के मेहरा, एस बी गुप्ता, एस के सोनी ,संजय लमानिया, पी एस कौशल, एस के वासनिक, अनीश खान, सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बंसत तिगनाथ, अंचल तिवारी,लक्ष्मी साहू सारस्वत की उपस्थिति में शॉल-श्रीफल व पुष्पमाला से श्री दुबे का अभिनंदन किया गया।

### देवी जागरण एवं भंडारा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मां नर्मदा जयंती पर देवी जागरण के तहत भंडारा 3 फरवरी को सुबह 10 बजे से 4 फरवरी की शाम 4 बजे तक आरटीओ ऑफिस के पास फोर लाइन पर चलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि आज 3 तारीख को शाम 6 बजे से महांआरती का आयोजन एवं गायक नरेंद्र राज देवी गीत माई के दीवाने जबलपुर वाले के द्वारा देवी जागरण कार्यक्रम में प्रस्तुति दी जाएगी।मां नर्मदा भक्तगण नरसिंहपुर ने सभी से उपस्थित की अपील की है।

### कलेक्टर ने किया देगुवां तालाब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने चांवरपाठा विकासखंड के ग्राम देगुवां के लक्ष्मण सिंह रघुवंशी ने स्वयं की भूमि में मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत संचालित आरकेव्हीवाय एवं पीएमएमएसवाय योजनांतर्गत बनाये गये तालाब का निरीक्षण किया। इसके अलावा कलेक्टर ने देगुवां में ही 3.429 हेक्टर में तालाब जल क्षेत्र का भी निरीक्षण किया।

### विराट कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। त्रिमूर्ति क्लब एवं श्री राम महायज्ञ समिति के तत्वावधान यज्ञ आचार्य पंडित भैयाराम शास्त्री के सानिध्य में 9 फरवरी को शाम 7:30 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन चंदानगर कॉलोनी, विधायक निवास के पास,हाउसिंग बार्ड में आयोजित है । क्लब के संस्थापक डॉ शंकर सहर्ष ने बताया की कवि सम्मेलन में प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर,वीर रस फिरोजाबाद उप्र, दुर्गेश पांडे दुर्लभ वीर रस अयोध्या धाम उप्र, कुंवर प्रांजल गीतकार आगरा उप्र ,सुश्री मंजूश्री पुष्प श्रृंगार रस नागपुर महाराष्ट्र, शैलेश इनायत हास्य रस मिरगपुर, पवन प्रबल , हास्य रस इटारसी एवं स्थानीय कवि काव्य पाठ करेंगे। इस अवसर पर क्लब द्वारा संस्कार मूर्ति सम्मान एवं सेवा मूर्ति सम्मान प्रदान किए जाएंगे। श्री राम महायज्ञ समिति द्वारा एवं त्रिमूर्ति क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी, कार्यकारणी से सदन ऊमरे, विनोद तिवारी,रमेश मेहरा, कुंज बिहारी यादव, डॉ. गणेश सोनी, श्रीकांत खत्री, नरेंद्र सराठे, लक्ष्मण वैष्णव , प्रशांत शर्मा ,नरेंद्र नेमा, विनय राय, विजय रजक ने क्षेत्र एवं नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कवि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु अपील की है ।

# पोस्टर बैनर को लेकर पुलिस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

रविवार 2 फरवरी को एन एस यू आई ने आर आर एस की नीतियों को देश के लिए घातक बताते हुए कई जगह पोस्टर बैनर फ्लेक्स लगाए। एन एस यू आई के इस विरोध प्रदर्शन की खबर मिलते ही पुलिस बल ने एन एस यू आई द्वारा लगाए गए पोस्टर बैनर को बलपूर्वक फाड़ दिया। इसे लेकर पुलिस एवं युवा कांग्रेस एन एस यू आई कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोक जोख , झड़प हुई।

जिला एन एस यू आई के अध्यक्ष ईशान राय ने आरोप लगाया कि पुलिस ने यह सब भाजपा नेताओं के इशारे पर किया है किंतु हम




के घातक नीतियों का विरोध करते रहेंगे क्योंकि भाजपा और आरएसएस की नीति नफरत फैलाना है। श्री राय ने बताया कि विशेष जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर बैनर लगाए गए और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर 2 फरवरी 1948 को प्रतिबंध लगाया था।

उक्त मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी चंद्र प्रकाश यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अतुल चैरसिया , युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अरविंद पटेल ,युवा कांग्रेस नरसिंहपुर विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विवेक पटेल ,मप्र छैन्-सोशल मीडिया के प्रदेश चेयरमैन अंकुर बटरी,अमित श्रीवास्तव ,शिवम पाठक ,राजा सिलावट चंद्र प्रकाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### भगवान ठाकुर बाबा के मंदिर में हुई कलश स्थापना

गोटेगांव। नगर में नगर देवता भगवान विष्णु के अवतार श्री देव ठाकुर बाबा जी के मंदिर में आज बहु प्रतीक्षित कलशों की स्थापना हो गई।दरअसल यह नगर देवता के मंदिर के निर्माण का सपना मणिनागेंद्र सिंह पटेल ने देखा और इसे भव्यता के साथ निर्मित भी कराया था जिसमें कुछ कार्य उनके जाने के बाद रह गया था सो आज उनका सपना कार्य के पूर्ण हो जाने से संपन्न हुआ। श्री देव ठाकुर बाबा के मंदिर में सर्व प्रथम कलश पूजन सम्पन्न हुआ तत्पश्चात कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भक्त लोग भजनों की धुन पर थिरक रहे थे।इस कलश यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया धर्म प्रेमी भक्तों ने जगह जगह स्टाल लगाकर भगवान की प्रसादी का भंडारा भी वितरित किया।साथ ही इस कलश की शोभायात्रा में महिलाएं भी पीले वस्त्रों से सुसज्जित होकर तथा पुरुष वर्ग श्वेत धवल वस्त्र में दृष्टिगोचर हो रहे थे इस यात्रा का भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।जब यात्रा का श्री गणेश भगवान के मंदिर से हुआ तो भक्तों की भीड़ का एक विशाल काफिला भी मौजूद रहा।इस शोभा यात्रा को भव्यता प्रदान करने में सभी भक्तों के साथ मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश,वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह ,बद्री प्रसाद चौकसे,युवा नेता प्रबल सिंह पटेल,पंकज चौकसे, के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर,सभी पार्षद,सरपंच,नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ ने भी अपने दल बल सहित भाग लिया जिसमें प्रशांत सिंह,नितिन सिंह,एसआई गौरव नेमा सहित सभी स्टाफ ने उपस्थित रह कर यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखा।

## श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर की कलश यात्रा ने रचा इतिहास

# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बोले, “मानो कुंभ लग गया हो”



गोटेगांव। नगर में निकली श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर की भव्य कलश यात्रा ने इतिहास रच दिया। इस दिव्य आयोजन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और नगर में ऐसा भक्तिमय माहौल बना, मानो कोई कुंभ महोत्सव चल रहा हो। मध्य प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस ऐतिहासिक यात्रा की भव्यता को देखकर कहा, **“यह केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि नगर के सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का जीवंत प्रमाण है। ऐसा लग रहा है मानो पूरा नगर कुंभ के रंग में रंग गया हो।”**

### नगर के इतिहास की सबसे भव्य शोभायात्रा

श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर से प्रारंभ हुई इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, और नगर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर में पहुंचे। इस अवसर पर नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों, हाथी-घोड़ों और भव्य झांकियों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, तोरण द्वार और जल सेवा-भंडारे की व्यवस्था ने इस यात्रा को अद्वितीय बना दिया। यात्रा के दौरान मंदिर से जुड़े विभिन्न धार्मिक प्रतीक, चित्र और विशेष पूजा सामग्री ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कराया। इस यात्रा ने नगरवासियों को न केवल धार्मिक रूप से जोड़ने का कार्य किया, बल्कि सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन गई।

### कन्या भोज एवं भंडारा

श्रद्धा और सेवा की इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दोपहर 12:00 बजे नगर में विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों कन्याओं को विधिपूर्वक भोजन कराया जाएगा, और श्रद्धालु विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह आयोजन नगर में सामूहिकता और सेवा भावना को प्रकट करेगा, जिससे सभी लोग इस पुण्य अवसर का लाभ उठा सकेंगे। कन्या भोज की परंपरा नगर में एक खास महत्व रखती है, जो धार्मिकता और सामाजिक एकता की मिसाल है।

### जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी का आगमन होगा

इस भव्य आयोजन में दिव्यता का संचार करने के लिए द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज का शाम 7:00 बजे नगर आगमन होगा। उनके आगमन को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह है, और मंदिर समिति उनके भव्य स्वागत की तैयारियों में जुटी है। सदानंद सरस्वती जी महाराज के प्रवचन से नगरवासियों को अध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जो इस दिव्य यात्रा के महत्व को और भी बढ़ा देगा।

### गणमान्य अतिथियों की विशेष उपस्थिति

**इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में नगर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे:** वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर के संरक्षक सदस्य – श्री मुलायम सिंह जी पटेल मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री – श्री प्रहलाद सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री – श्री जालम सिंह पटेल गोटेगांव विधायक – श्री महेंद्र नागेश मणी नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य – श्री सचिव सरदार सिंह पटेल।

## कर्म का सिद्धांत बडा वैज्ञानिक है: स्वामी नित्यानंद गिरी

**नरसिंहपुर।** श्री नरसिंह भगवान की पावन भूमि से मात्र 20 IउI दूर माँ नर्मदा के पावन तट पर स्थित श्री हरिरू आश्रम , ग्वारी घाट उमरिया में चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कैलाश आश्रम, ऋषिकेश के विरक्त संत सदाशिव श्री नित्यानंद गिरी जी महाराज ने श्रोताओं के लिए बहुत ही सहज और सरल शैली में भागवत, वेद एवम गीता जी के गूढ़ संदेश को प्रकाशित किया। स्वामी जी ने आज के आधुनिक युग में भक्ति एवं कर्म योग के सिद्धांत के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया की जो भी आज हम हैं वो सभी हमारे ही पूर्व कर्मो का फल हैं, हमारा जन्म, रोग, धन प्राप्ति, रिश्तेदार, बच्चें, यश आदि सभी कुछ हमारा ही बनाया हुआ हैं। अतः हमें इसलिए आई हुई सभी परितिथियों का सदुपयोग करना चाहिए। जैसे सर्दी आती तो हम सहन करते हैं, फिर गर्मी आती हैं तो भी सहन करते हैं। रोते थोड़े हैं की गर्मी क्यों आ गई, सर्दी क्यों आ गई। आ गई, तो अब बस उसको स्वीकार करो, उसको सहन करने के लिए जो भी कर्म करने हैं, व्यवस्था करनी हैं वो करो परंतु भीतर से विचलित न हों। ठीक उसी तरह दुःख आया, या सुख आए, हमें सम रहना चाहिए। दुःख भी हमारा बनाया हुआ हैं, सहन करने से प्रारब्ध कट जायेगा। उसी तरह सुख भी हमारे पुण्यों का फल हैं, सदैव रहने वाला नहीं इसलिए उसमें भी ईश्वर की कृपा मान कर सम रहना चाहिए।और इसी के साथ हर परिस्तिथि में ईश्वर को स्मरण करना चाहिए, यहीं हैं कर्म योग। सम रहना और प्रभु को न भूलना। स्वामी जी ने समझाया की परिस्तिथि हमारे हाथ में नहीं हैं, लेकिन अपनी मनोस्तिथि हमारे हाथ में हैं और मनोस्तिथि संभाल ली तो हम हर परिस्तिथि में आनंद अनुभव कर सकते हैं ।



